

टेस्ट क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है

मैच की बात करें तो नए खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइटराइडर्स ने आईपीएल के इस सत्र के बहाल होने के बाद लगातार दूसरी जीत दर्ज की और मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अंकतालिका में शीर्ष चार में जगह बना ली। मुंबई की यह लगातार दूसरी हार थी। अपना दूसरा आईपीएल मैच खेल रहे अय्यर ने 30 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। वहीं राहुल त्रिपाठी 42 गेंद में 74 रन बनाकर नाबाद रहे। केकेआर ने मुंबई को छह विकेट पर 155 रन पर रोकने के बाद 29 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

## प्रसिद्ध कृष्णा पर गुस्सा हुए कायरन पोलार्ड, इस हरकत पर दिखाई आंख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। मुंबई इंडियंस के दिग्गज बल्लेबाज कायरन पोलार्ड कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर उस वक्त नाराज हो गए जब उन्होंने मैच के दौरान उकसाने की कोशिश की। दिग्गज ऑलराउंडर ने न केवल प्रसिद्ध कृष्णा को आंख दिखाई, बल्कि कुछ कहते भी नजर आए। हालांकि, प्रसिद्ध को शायद गलती का अहसास था और उन्होंने रिस्पॉन्ड नहीं किया तो मामला यहीं खत्म हो गया। यह सब मुंबई इंडियंस की पारी के 15वें ओवर में हुआ। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की आखिरी गेंद को कायरन पोलार्ड ने हल्के हाथ से खेला और आदतन क्रीज से थोड़ा बाहर निकल आए। यहां प्रसिद्ध कृष्णा ने बिना गेंद को फील्ड किए पोलार्ड की ओर थ्रो करने का इशारा किया। गेंदबाज ऐसा करते हुए थोड़ा करीब आ गया। फिर क्या था कायरन पोलार्ड क्रीज में पांव खींचते हुए प्रसिद्ध की ओर देखने लगे। यही नहीं, जब प्रसिद्ध जाने लगे तो पोलार्ड ने कुछ कहा भी।

# अफगानिस्तान आकर खेलो वनडे सीरीज

क्रिकेट

## हम पाकिस्तान की मेजबानी करना चाहते हैं: अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को न्यूजीलैंड के बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भी झटका दिया था और पाकिस्तान में सीरीज खेलने से इन्कार कर दिया था। इससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को काफी नुकसान हुआ, लेकिन अफगानिस्तान की तालिबानी सत्ता ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को एक आफर दिया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नए मुखिया अजिजुल्लाह फाजली ने कहा है कि हम पाकिस्तान की मेजबानी करना चाहते हैं।

एएफपी के अनुसार अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अजीजुल्लाह फाजली, जिन्हें हाल ही में नियुक्त किया गया था, उन्होंने कहा कि वह एकदिवसीय मैचों के लिए टीम को आमंत्रित करने के लिए पाकिस्तान का दौरा करेंगे। अफगानिस्तान पिछले कुछ वर्षों में राशिद खान जैसे सितारों



के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तेजी से बढ़ा है, लेकिन तालिबान के देश पर कब्जा करने के बाद टीम का बहिष्कार करने का आह्वान किया गया है।

अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार के अब तक के उठाए गए कदमों के कारण आने वाले समय में टेस्ट मैच में अफगानिस्तान की भागीदारी पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। आइसीसी के नियमों के अनुसार, एक सक्रिय महिला टीम की भी आवश्यकता है, लेकिन तालिबान ने महिला क्रिकेट पर रोक लगा दी है। तालिबान ने अभी तक महिलाओं के खेल खेलने पर नीति जारी नहीं की है, लेकिन एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि यह जरूरी नहीं है।

वहीं, एसीबी के नए चीफ बने फाजली ने ऐसे विषयों से परहेज किया और कहा कि उनकी अन्य क्षेत्रीय क्रिकेट शक्तियों का दौरा करने की योजना है। उन्होंने कहा, मैं 25 सितंबर से पाकिस्तान का दौरा कर रहा हूं और फिर क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों से मिलने भारत, बांग्लादेश और संयुक्त अरब अमीरात जाऊंगा। हम अफगानिस्तान क्रिकेट में सुधार करना चाहते हैं, ताकि अन्य देशों के सहयोग से इसमें सुधार हो सके।

आस्ट्रेलिया पहले ही अफगानिस्तान के खिलाफ नवंबर में ब्रिस्बेन में खेले जाने वाले एक टेस्ट मैच को रद करने की धमकी दे चुका है और कहा है कि जब तक कि तालिबान महिलाओं को क्रिकेट खेलने की अनुमति नहीं देता। हम उनकी मेजबानी नहीं करेंगे। हामिद शिनवारी को तालिबान ने 21 सितंबर को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी के पद से बर्खास्त कर दिया था।

## भारतीय क्रिकेट टीम का भविष्य में कप्तान बन सकता है यह युवा खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इसमें कोई शक नहीं है कि आइपीएल के जरिए टीम इंडिया ना सिर्फ बेहतरीन बल्लेबाज व गेंदबाज मिल रहे हैं बल्कि ऐसे कई खिलाड़ी भी सामने आए हैं जिसमें शानदार लीडरशिप क्वालिटी है। भारतीय कप्तान विराट कोहली घोषणा कर चुके हैं और वो टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद भारतीय टी20 टीम की कप्तानी नहीं करेंगे। उनके इस एलान के बाद क्रिकेट पंडित कई युवा भारतीय खिलाड़ियों के नाम का सुझाव दे रहे हैं जो भविष्य में संभावित कप्तान हो सकते हैं। रिषभ पंत को भारतीय टीम के भविष्य के कप्तान के रूप में देखा जाता है और उनकी बेहतरीन कप्तानी की वजह से भारत के




बाद यूएई में खेले जा रहे आइपीएल 2021 पार्ट–टू में वो दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर रहे हैं। श्रेयस अय्यर की वापसी के बाद भी उन्हें दिल्ली का कप्तान बनाए रखा गया। दिल्ली के पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर ने इंजरी से वापसी कर ली और यूएई लेग में दिल्ली के लिए हैदराबाद के खिलाफ शानदार पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाई। इस जीत के बाद दिल्ली की टीम फिर से अंक तालिका में टाप पर पहुंच गई।


अब आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम पूर्व स्पिनर ब्रैड हाग ने कहा कि श्रेयस अय्यर को बेशक टी20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए मुख्य भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया, लेकिन वो भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान भविष्य में बन सकते हैं। अपने यूट्यूब चौनल पर हाग ने कहा कि उन्होंने इंजरी से वापसी कर ली है और वह काफी दवाब में हैं। उन्हें भारतीय टी20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए चुनी गई मुख्य टीम में नहीं चुना गया है। एक चीज जो मैंने प्रेस कांफ्रेंस में देखी थी वो यह कि श्रेयस भविष्य में टीम इंडिया के कप्तान बन सकते हैं। इंजरी के वापसी करने के बाद श्रेयस ने हैदराबाद के खिलाफ यूएई में 41 गेंदों पर नाबाद 47 रन की पारी खेली थी।

## बैट्समैन को बैटर तो कर दिया पर थर्ड मैन, मेडन का क्या करोगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मेरिलेबोन क्रिकेट क्लब ने हाल में क्रिकेट के नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। एमसीसी के मुताबिक बल्लेबाज को 'बैट्समैन'नहीं बल्कि अब 'बैटर'कहा जाएगा। महिला और पुरुष क्रिकेटरों के लिए सिर्फ एक शब्द का इस्तेमाल होगा और वह है बैटर। एमसीसी के इस बड़े बदलाव पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने सवाल उठाए हैं। थरूर का कहना है कि बैट्समैन को बैटर तो कर दिया पर थर्ड मैन, मेडन का क्या करोगे? सोशल मीडिया के अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से थरूर ने ट्वीट किया, जहां तक मेरा सवाल है कि बैट्समैन को बैटर तो कर दिया लेकिन थर्ड मैन, 12जीमैन, मेडन ओवर और चाइनामैन को क्या कहेंगे? इसका मकसद महिला और पुरुष क्रिकेटरों को बराबरी का दर्जा देना है। इससे क्रिकेट के स्टैंडर्ड को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। अब पुरुष और महिला दोनों के लिए 'बैट्समैन' के बजाय तुरंत प्रभाव से 'जेंडर न्यूट्रल' शब्द 'बैटर' का इस्तेमाल किया जाएगा। क्रिकेट में बैटसमैनध्बैटसमेन का इस्तेमाल 1744 से होता आया है।

## न्यूज डायरी





### पंजाब किंग्स के समीकरण बिगाड़ने की कोशिश करेगी विलियमसन एंड कंपनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2021) में अब कुछ टीमों के समीकरण बिगाड़ने की कोशिश करेगी। उसके पहले निशाने पर पंजाब किंग्स की टीम होगी जिसके खिलाफ उसे शनिवार को मैच खेलना है।

सनराइजर्स को बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी आठ मैचों में सातवीं हार है। उसके अभी केवल दो अंक हैं और वह आठ टीमों में सबसे निचले स्थान पर है। पंजाब को दूसरी तरफ से जीत की स्थिति में होने के बावजूद हारने से बचना होगा। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन आखिर में उसने दो रन से यह मुकाबला गंवा दिया। टीम को इससे निजात पाने की जरूरत है। पंजाब के नौ मैचों में छह अंक हैं और वह सातवें स्थान पर है। आगे के मैचों में आखिरी क्षणों की ढिलायी उस पर भारी पड़ सकती है।

### हार्दिक पंड्या की फिटनेस पर बोलिंग कोच शेन बॉन्ड ने दिया अपडेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबुधाबी। मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड का कहना है कि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पूरी फिटनेस हासिल करके खेलने की स्थिति में पहुंचने के करीब हैं लेकिन उनकी फ्रेंचाइजी टीम भारतीय टीम की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें मैदान में उतारने में जल्दबाजी नहीं दिखाएगी। पिछले साल पीठ के ऑपरेशन के बाद पंड्या ने बमुश्किल गेंदबाजी की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दो मैचों में नहीं खेल पाए लेकिन बॉन्ड ने कहा कि यह ऑलराउंडर अच्छा अभ्यास कर रहा है और उन्हें टूर्नामेंट के आखिरी मैचों में अवसर मिल सकता है। बॉड ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, श्हार्दिक भी रोहित की तरह अच्छा अभ्यास कर रहे हैं। वह खेलने की स्थिति में पहुंचने के करीब हैं। हम भारतीय टीम की जरूरतों के साथ अपनी टीम की जरूरतों में भी संतुलन बिठा रहे हैं।

### आखिर क्यों केकेआर के लिए ही खेलना चाहते थे वेंकटेश अय्यर?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के यूएई लेग में बल्ले से धमाल मचा रहे कोलकाता नाइटराइडर्स टीम के ओपनर वेंकटेश अय्यर ने खुलासा किया है कि वह सौरव गांगुली के बहुत बड़े फैन हैं। वेंकटेश का कहना है कि गांगुली की वजह से ही वह आईपीएल में केकेआर के लिए खेलना चाहते थे। बीसीसीआई के वर्तमान अध्यक्ष सौरव गांगुली आईपीएल में केकेआर के पहले कप्तान थे। 26 वर्षीय वेंकटेश ने आईपीएल करियर की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की है। वेंकटेश ने अपने डेब्यू मैच में विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ 27 गेंदों पर नाबाद 41 रन की मैच विनिंग पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने अपने दूसरे मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 30 गेंदों पर 53 रन बनाए। उपरोक्त दोनों मुकाबलों में केकेआर ने जबरदस्त जीत दर्ज की। मुंबई के खिलाफ 42 गेंदों पर 74 रन की पारी खेलने वाले राहुल त्रिपाठी के साथ बातचीत में वेंकटेश ने कहा कि केकेआर के लिए खेलना उनके लिए स्पेशल है।

### रोहित शर्मा ने केबीसी के सेट पर अपने फैन को किया हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कौन बनेगा करोड़पति यानी केबीसी के इस सीजन में सेट पर भारत के कई क्रिकेटर और अन्य खेल हस्तियां आई हैं। हालांकि, गुरुवार को एक एपिसोड में इस क्विज शो में कुछ अलग देखने को मिला, जब भारतीय टीम के ओपनर रोहित शर्मा ने अपने एक प्रशंसक को हैरान कर दिया। हाट सीट पर बैठे हिटमैन के फैन ने अपने चहेते क्रिकेटर से बात की और उन्हें अपना भगवान बताया। वहीं, रोहित ने भी उन्हें एक खास तोहफा भेंट किया।